राजस्थान पत्रिका

SUNDAY

patrika.com

झुंझुनूं पत्रिका

patrika.com

अंदर पढ़ें

सामरिक व सामाजिक प्रौद्योगिकियों के आई-कनेक्ट की मेजबानी करेगा सीरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

पिलानी. देश में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में देश के वैज्ञानिकों द्वारा इजाद प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए देश भर में उद्योग सम्पर्क (आई कनेक्ट) कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। उद्योग सम्पर्क (आई कनेक्ट) का आयोजन भारत सरकार के विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की ओर से किया जा रहा है। देश भर में आई कनेक्ट के कुल 75 कार्यक्रम होंगे। जिनमें देश के वैज्ञानिकों द्वारा समय समय पर सामरिक एवं सामाजिक दृष्टि से इजाद की गई प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया जाएगा। वैज्ञानिकों द्वारा एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एवं स्ट्रैटेजिक सेक्टर (ए ई आई एस एस) थीम के अंतर्गत सामरिक एवं सामाजिक उद्देश्यों के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों से जुडे कार्यक्रम की मेजबानी सीएसआईआर-सीरी पिलानी को मिली है।

सीरी संस्थान में 28 जून को आई कनेक्ट कार्यक्रम होगा। सीरी संस्थान में ऑनलाइन आयोजित होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डा. पी.सी. पंचारिया करेंगे। जबकि एईआईएसएस थीम निदेशक जितेंद्र जे जाधव भी इस मौके उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में एसएसपीएल-डीआरडीओ की निदेशक डा. सीमा विनायक का माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज फॉर डिफेंस एप्लीकेशंस विषय पर व्याख्यान होगा। संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डा. रवीन्द्र मुखिया तथा जयपुर केंद्र प्रभारी वैज्ञानिक श्रीसाई कृष्णा वड्डादि को कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर बनाया गया है।

सीरी संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क प्रभारी रमेश बौरा ने बताया कि आई कनेक्ट का आयोजन उद्योगों तक पहुंचने के लिए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय व पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय सहित कई विभागों के संयुक्त प्रयासों के तहत आयोजित हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आई कनेक्ट इवेंट में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम शामिल होंगे। जिसमें मेगा उद्योग सम्मेलन, पूर्ण वार्ता, तकनीकी प्रदर्शनियां, बी-2-बी बैठकें, गोलमेज परिचर्चा सहित आयोजन होंगे। बोरा ने बताया कि कार्यक्रम पूर्णतया निशुल्क है।